INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 3rd Lang	**Department: Hindi**	**Date of submission: Keep in File**
Worksheet No. 5	**Topic: Comprehension**	**Prepared by: Surendra Thakur**

(Worksheet: Comprehension-Prose)

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

एक बार एक किसान सर्दियों के दिनों में अपने खेतों में से गुज़र रहा था। तभी उसकी नज़र एक ठंड में सिकुड़ते हुए साँप पर पड़ी।

किसान को पता था की साँप बहुत ही खतरनाक जीव है लेकिन फिर भी उसने उसे उठाया और अपनी टोकरी में रख लिया।

फिर उसके ऊपर उनसे घास और पत्ते डाल दिए ताकि उसे कुछ गर्मी मिल जाए और वो ठण्ड की वजह से मरने से बच जाए ।

जल्द ही साँप ठीक हो गया और उसने टोकरी से निकल कर उस किसान को काट लिया जिसने उसकी इतनी मदद की थी।

उसके जहर से तुरंत ही उसकी मौत हो गई और मरते - मरते उसने अपनी आखिरी साँस में यही कहा, "मुझसे ये सीख लो, कि कभी किसी दुष्ट (बुरे, नीच) पर दया न करो।"

नैतिक शिक्षा:

<u>कुछ लोग ऐसे होते हैं कि जो अपने स्वभाव को कभी नहीं बदलते हैं, फिर चाहे हम उनके साथ कितना भी अच्छा व्यवहार करें। हमेशा उन लोगों से सावधान रहें और उनसे दूरी बनाए रखें जो केवल अपने फायदे के बारे में सोचते हैं।</u>

क. किसान कहाँ से गुजर रहा था ?

* सड़क से
* बगीचे से
* खेतों से
* सभी से

ख. किसान की नजर कहाँ पड़ी ?

* चूहे पर
* साँप पर
* बिल्ली पर
* कुत्ते पर

ग. किसान को क्या पता था ?

* साँप खतरनाक जीव है
* साँप प्यारा जीव है
* साँप सीधा-सादा जीव है
* साँप कोमल जीव है

घ. किसान ने साँप को उठाकर क्या किया ?

* बैग में रखा
* पॉकेट में रखा
* टोपी में रखा
* टोकरी में रखा

ङ. टोकरी से निकलकर साँप ने क्या किया ?

* किसान को चूम लिया
* किसान को दुआ दिया
* किसान को काट लिया
* किसान को गाली दी

च. परिणाम को विचारे बिना काम करने से क्या होता है ?

* आजीवन हाथ दिखाने पड़ते हैं
* आजीवन हाथ साफ़ करने पड़ते हैं
* आजीवन हाथ रगड़ने पड़ते हैं
* आजीवन हाथ मलने पड़ते हैं

छ. साँप के जहर से किसकी मौत हो गई ?

- किसान की
- बैल की
- बकरी की
- गाय की

ज. मरते-मरते किसान ने क्या कहा ?

- किसी बच्चे पर दया न करो
- किसी भिखारी पर दया न करो
- किसी बूढ़े पर दया न करो
- किसी दुष्ट पर दया न करो

झ. कौन अपना स्वभाव कभी नहीं बदलता ?

- बच्चा
- बूढा
- जवान
- दुष्ट

ञ. कैसे लोगों से सावधान रहना चाहिए ?

- जो केवल अपने फायदे के बारे में सोचते हैं
- जो केवल औरों के फायदे के बारे में सोचते हैं
- जो केवल सभी के फायदे के बारे में सोचते हैं
- जो किसी के फायदे के बारे में नहीं सोचते हैं